**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें ।**

# 2025

| Question Booklet Bar Code Serial No. |
| --- |
| प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या |
| 1726537 |

**कोड : TUKU-11**

**विषय : सामान्य अध्ययन एवं हिन्दी**

**भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 40**

**भाग – II : हिन्दी : प्रश्न संख्या 41 से 120**

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 300

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें

अंकों में →

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल काले बॉल–प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें । अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक अन्तरीक्षक को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं । ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक और प्रश्न–पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सील्ड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है ।
2. **पारदर्शी सील्ड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुनः जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली–भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें ।**
3. अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त ही ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न–पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए प्रश्न–पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. **इस प्रश्न–पुस्तिका में 120 प्रश्न हैं** । प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें ।
6. इस प्रश्न–पुस्तिका में भाग – I के प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं । द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में, प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा ।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई **दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

**नोट : कृपया प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए ।**

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part – II / भाग – II

### हिन्दी

41. महादेवी के रेखाचित्रों को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

I. स्मृति की रेखाएँ

II. पथ के साथी

III. मेरा परिवार

IV. अतीत के चलचित्र

कूट :

(a) IV I II III

(b) IV II III I

(c) IV I III II

(d) I II III IV

42. प्रस्थानजयी में सम्मिलित हैं

(a) उपनिषद, पुराण और वेद

(b) वेद, पुराण और ब्रह्मसूत्र

(c) उपनिषद, गीता और ब्रह्मसूत्र

(d) उपनिषद, गीता और वेद

43. असंगत विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) डीठ - निडर

(b) भंगि - टेढ़ापन

(c) पिक - कोयल

(d) बूरा - शक्कर

44. "बतकहाउ रसमै जु है कवित कहावै सोय" काव्य लक्षण पर विचार करने वाले किस कवि की यह पंक्ति है ?

(a) महाकवि देव

(b) सुरति मिश्र

(c) आचार्य केशवदास

(d) आचार्य चिंतामणि

45. "लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इन्डिया" पुस्तक के लेखक का नाम है

(a) जूल ब्लाक

(b) जॉन बीम्स

(c) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन

(d) सैमुअल केलाग

46. दिए गए इंटरव्यू (साक्षात्कार) किस रचनाकार पर आधारित हैं, उनका मिलान कीजिए ।

| साक्षात्कार | रचनाकार |
|---|---|
| A. हाँ! मैंने कहा | 1. केदारनाथ सिंह |
| B. हाले जुबां कुछ और है | 2. रमेश चन्द्र शाह |
| C. समय के साक्षी | 3. नमिता सिंह |
| D. बात से बात | 4. विष्णु प्रभाकर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

47. नीचे दो कथन दिये गये हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) है और दूसरा कारण (R) है ।

अभिकथन (A) : सूफ़ी लोग भगवान को एकेश्वर रूप में नहीं, बल्कि विशिष्ट द्वैतवादी वेदांतियों की तरह मानते थे ।

कारण (R) : क्योंकि सूफ़ियों के मतवाद पर वेदांत का प्रत्यक्ष प्रभाव था ।

(a) (A) और (R) दोनों सही, परंतु कारण का अभिकथन से कोई संबंध नहीं है

(b) (A) गलत है, परंतु (R) सही

(c) (A) और (R) दोनों सही तथा अभिकथन कारण से संबंधित है

(d) (A) सही है परंतु (R) गलत

48. निम्नलिखित में असत्य है

| | | |
|---|---|---|
| (a) मृच्छकटिकम् | – | 10 अंक |
| (b) रत्नावली | – | 4 अंक |
| (c) अभिज्ञानशाकुन्तलम् | – | 8 अंक |
| (d) कुमारसम्भवम् | – | 17 सर्ग |

49. डॉ. रामकुमार वर्मा ने निम्नलिखित में से किस ग्रंथ को आधुनिक साहित्य सम्पत्ति का 'बीजक' ग्रंथ कहा है ?

(a) हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास – डॉ. रामकुमार वर्मा

(b) हिंदी पुस्तक साहित्य – डॉ. माताप्रसाद गुप्त

(c) हिंदी साहित्य की रूपरेखा – डॉ. सूर्यकांत

(d) हिंदी साहित्य का इतिहास – आचार्य रामचंद्र शुक्ल

50. 'आज' का तत्सम शब्द कौन–सा है ?

(a) वर्तमान कालिक

(b) अद्य

(c) अग्रज

(d) अद्यावधि

51. भीष्म साहनी की 'मेरी साहित्यिक यात्रा' किस विधा की रचना है ?

(a) साक्षात्कार (इंटरव्यू)

(b) आत्मकथा

(c) डायरी साहित्य

(d) यात्रा साहित्य

52. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध कबीर पंथ से नहीं है ?

1. सुरतगोपाली शाखा

2. धर्मदासी

3. भगताही पंथ

4. साधो पंथ

कूट :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 4

(d) केवल 3 और 1

53. निम्नलिखित में असंगत विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) अग्र स्वर – ए

(b) पश्च स्वर – ऑ

(c) अर्ध विवृत – आ

(d) मध्य स्वर – अ

54. "प्रीतम की यह रीति सखि मोपें कही न जाए ।
झिझकत हू ढिंग ही रहत, पल न वियोग सुहाय ।।"
इस दोहे में शब्द शक्ति है

(a) शाब्दी व्यंजना

(b) प्रयोजनवती लक्षणा

(c) आर्थी व्यंजना

(d) रूढ़ि लक्षणा

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कर सही कथन का चयन कीजिए ।

(a) आत्मनेपद का अर्थ अपनी आत्म से दूसरे के लिए प्रयोग किया गया है ।

(b) 'कृ' धातु उभयपदी है । 'वि' उपसर्ग के साथ यह परस्मैपद में प्रयुक्त हो जाता है ।

(c) कभी-कभी उपसर्गों के साथ जुड़े रहने पर धातु के पद में परिवर्तन नहीं होता है ।

(d) उभयपदी धातुओं का प्रयोग करते समय यदि क्रिया का फल कर्ता को मिलता है तो आत्मनेपद का रूप प्रत्युक्त है ।

56. दिए गए संस्मरणों को उनके रचनाकारों से मिलान करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

| रचनाकार | संस्मरण |
|---|---|
| A. अमृत राय | 1. चिड़िया रैन बसेरा |
| B. बिन्दु अग्रवाल | 2. अपने-अपने रास्ते |
| C. विद्यानिवास मिश्र | 3. वे देवता नहीं हैं |
| D. रामदरश मिश्र | 4. जिनकी याद हमेशा रहेगी |
| E. राजेन्द्र यादव | 5. यादें और बातें |

कूट :

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| (d) | 4 | 5 | 1 | 2 | 3 |

57. "भाषा उच्चारणों से उच्चरित यादृच्छिक प्रतीकों की वह व्यवस्था है जिसके द्वारा एक समाज के लोग आपस में भावों और विचारों का आदान-प्रदान करते हैं" – यह परिभाषा किसकी है ?

(a) कामता नाथ गुरु

(b) भोलानाथ तिवारी

(c) धीरेंद्र वर्मा

(d) किशोरीदास वाजपेयी

58. "काव्यगुणों की इस विशाल वनस्थली में एक अपना सहज सौंदर्य है । वह उस रमणीय उद्यान के समान नहीं है, जिसका सौंदर्य पद-पद पर माली के कृतित्व की याद दिलाया करता है; बल्कि उस अकृत्रिम वनभूमि की भाँति है, जिसका रचयिता रचना में ही घुल-मिल गया है ।"

'सूरसागर' के संबंध में यह किस आलोचक का मत है ?

(a) डॉ. मैनेजर पाण्डेय

(b) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(c) डॉ. ब्रजेश्वर वर्मा

(d) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

59. निम्नलिखित में से सही युग्म का चयन कीजिए ।

(a) प्लुत स्वर – अ

(b) ह्रस्व स्वर – उ

(c) दीर्घ स्वर – ऐ

(d) संयुक्त स्वर – ऋ

60. आचार्य शंकुक के अनुमितिवाद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

I. रस की स्थिति अनुकार्य (मूलपात्र) में होती है ।

II. विभावादि अनुमापक हैं और अनुमाप्य ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) केवल II सही

(b) I एवं II दोनों सही

(c) न तो I न ही II सही

(d) केवल I सही

61. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना नाट्य विधा के अंतर्गत नहीं है ?

(a) सिन्दूर की होली

(b) कामना

(c) बूँद और समुद्र

(d) अंगूर की बेटी

62. संस्कृत व्याकरण के सन्दर्भ में किस समास को तत्पुरुष का भेद माना जाता है ?

(a) कर्मधारय और द्विगु

(b) द्विगु और द्वन्द्व

(c) द्वन्द्व और बहुव्रीहि

(d) अव्ययीभाव और द्वन्द्व

63. नीचे दिए गए निबंध और निबंधकार की सूची को सुमेलित करते हुए सही कूट का चुनाव कीजिए ।

| निबंध | निबंधकार |
|---|---|
| A. उत्तर कुरु | 1. डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र |
| B. गौरैया ससुराल गयी | 2. डॉ. विष्णुकांत शास्त्री |
| C. चिन्तन मुद्रा | 3. श्री. कुबेरनाथ राय |
| D. हर बारिश में | 4. डॉ. निर्मल वर्मा |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

1726537

64. समास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

I. समास में कम से कम दो पदों का योग होता है ।

II. समास में समस्त होने वाले पदों का विभक्ति प्रत्यय लुप्त हो जाता है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) केवल II सही

(b) I एवं II दोनों सही

(c) न तो I और न ही II सही

(d) केवल I सही

65. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| सूची – I (कवि) | सूची – II (निवास स्थान) |
|---|---|
| A. चिंतामणि | 1. कालपी |
| B. सुखदेव मिश्र | 2. दौलतपुर |
| C. श्रीपति | 3. तिकवाँपुर |
| D. मंडन | 4. जैतपुर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

66. 'भास नाटक चक्र' के नाम से भास के नाटकों को किसने प्रकाशित कराया है ?

(a) ए. वी. कीथ

(b) टी. गणपति शास्त्री

(c) म. प्र. हरप्रसाद शास्त्री

(d) ए. डी. पुसलाकर

67. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. उदभट्ट | 1. रीति गुणाश्रित है |
| B. दण्डी | 2. गुण रीति आश्रित है |
| C. आनन्दवर्द्धन | 3. गुण और रीति अभेद है |
| D. वामन | 4. गुण अलंकार है |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

68. 'हिंदी कोविद रत्नमाला' के लेखक कौन है ?

(a) शिवनन्दन सहाय

(b) राधाकृष्ण दास

(c) ब्रजरत्नदास

(d) श्यामसुंदर दास

1726537

69. संज्ञा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लिखावट में समूह वाचक संज्ञा है ।
2. संज्ञा शब्द विकारी होते हैं ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) केवल 2 सत्य है
(b) दोनों सत्य हैं
(c) दोनों असत्य हैं
(d) केवल 1 सत्य है

70. समांतर कहानी आंदोलन कब प्रारंभ हुआ ?

(a) 1968 ई.  (b) 1972 ई.
(c) 1982 ई.  (d) 1960 ई.

71. 'अधिहरि' शब्द में कौन-सा समास है ?

(a) द्वन्द्वः
(b) बहुव्रीहिः
(c) अव्ययीभावः
(d) तत्पुरुषः

72. "सुमित्रानंदन पंत का सम्पूर्ण व्यक्तित्व गीतिमय है । वे मूलतः गीतिकाव्य के कवि है ।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(a) डॉ. नगेन्द्र
(b) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी
(d) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी

73. "अहा विचारे दुःख के मारे निसिदिन पच-पच मरें किसान ।

जब अनाज उत्पन्न होय तब सब उठवा ले जायँ लगान ।।"

उक्त पंक्तियाँ किस रचनाकार की हैं ?

(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) सियारामशरण गुप्त
(c) लालचंद गुप्त
(d) बालमुकुन्द गुप्त

74. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करते हुए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. राजशेखर | 1. प्रियदर्शिका |
| B. विश्वनाथ | 2. प्रभावती परिणय |
| C. श्री हर्ष | 3. विद्धशाल भंजिका |
| D. दण्डी | 4. दशकुमार चरित |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

75. "राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है ।
कोई कवि बन जाय सहज संभाव्य है ।" – के रचयिता है

(a) शिवमंगल सिंह सुमन

(b) श्याम नारायण पाण्डेय

(c) सोहनलाल द्विवेदी

(d) मैथिलीशरण गुप्त

76. 'मुहावरा-अर्थ' के संदर्भ में सुसंगत विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) एकलव्य की गुरु भक्ति – कर्तव्य करके मरना

(b) नारद भक्ति – कर्म का पूर्ण ज्ञान होना

(c) हम्मीर हठ – किसी ओर का न रहना

(d) बलिबन्धन – बिना दोष के दण्डित करना

77. 'चक्रिण्ढौकसे' में कौन-सी सन्धि है ?

(a) विसर्गसन्धि

(b) अच्सन्धि

(c) हल्सन्धि

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. "अज्ञेय और उनके सहयोगी कवि शमशेर बहादूर सिंह बात के कवि हैं, गजानन माधव 'मुक्तिबोध' खबर के या भयानक बात के ।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(a) डॉ. नामवर सिंह

(b) डॉ. रामविलास शर्मा

(c) डॉ. निर्मला जैन

(d) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी

79. पंडितराज जगन्नाथ को 'पंडितराज' की पदवी किस शासक ने प्रदान की थी ?

(a) अकबर

(b) जहाँगीर

(c) औरंगजेब

(d) शाहजहाँ

80. "हमारे सामने समाज का आज जो रूप है, वह न जाने कितने ग्रहण और त्याग का रूप है । देश और जाति की विशुद्ध संस्कृति केवल बात-की बात है । सब कुछ में मिलावट है, सब कुछ अविशुद्ध है । शुद्ध है केवल मनुष्य की दुर्दम जिजीविषा, (जीने की इच्छा)"
उपर्युक्त कथन किस निबन्ध का है ?

(a) छितवन की छाँह

(b) काव्य कला और अन्य निबंध

(c) अशोक के फूल

(d) भारतीय साहित्य की विशेषताएँ

81. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

I. नूतन ब्रह्मचारी
II. सौ अजान एक सुजान
III. अधखिला फूल
IV. ठेठ हिन्दी का ठाठ

दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | IV | III | II | I |
| (b) | I | II | IV | III |
| (c) | III | II | I | IV |
| (d) | I | II | III | IV |

82. "दूसरों के (सुख के) लिए अपने सुखों का त्याग" वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द हैं

(a) अन्यमनस्क
(b) अनन्य
(c) आत्मोत्सर्ग
(d) अहैतुक

83. निम्नलिखित काव्यग्रंथों के प्रकाशन वर्ष को ध्यान में रखते हुए आरोही क्रम में सही कूट का चयन कीजिए :

I. उच्छ्वास
II. वीणा
III. गुंजन
IV. पल्लव

कूट :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | I | II | IV | III |
| (b) | II | IV | III | I |
| (c) | II | IV | I | III |
| (d) | IV | II | I | III |

84. निम्न संस्कृत कृतियों को उनकी विधाओं के साथ मिलान कीजिए ।

| संस्कृत कृति | विधा |
|---|---|
| A. मेघदूत | 1. नाटक |
| B. मालविकाग्निमित्र | 2. त्रोटक |
| C. विक्रमोवर्शीय | 3. खंडकाव्य |
| D. कुमारसंभव | 4. महाकाव्य |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

85. निम्नलिखित पत्रिकाओं के उनके प्रकाशन स्थान से मिलान करते हुए सही कूट का चुनाव कीजिए ।

| | |
|---|---|
| A. भारत बन्धु | 1. फर्रुखाबाद |
| B. भारत मित्र | 2. काशी |
| C. भारत सुदशा प्रवर्तक | 3. अलीगढ़ |
| D. भारत जीवन | 4. कलकत्ता |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

86. आचार्य मम्मट ने काव्य के कितने प्रयोजन बताए हैं ?

(a) सात

(b) पाँच

(c) छः

(d) चार

87. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. इंदुमती | 1. बंगमहिला |
| B. प्लेग की चुड़ैल | 2. रामचंद्र शुक्ल |
| C. ग्यारह वर्ष का समय | 3. मास्टर भगवान दास |
| D. दुलाईवाली | 4. किशोरी लाल गोस्वामी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

88. 'झक-झख' समोच्चरित भिन्नार्थक शब्द युग्म का सही अर्थ युग्म विकल्प है

(a) शीघ्र – द्यूत

(b) सनक – तुच्छ कार्य

(c) पाटन – कृत्रिम जलमार्ग

(d) झुकाव – लपट

89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'हरिश्चंद्र मैगजीन' में 'कलिराज की सभा' लेख छपा था ।
2. 'कलिराज की सभा' मुंशी ज्वाला प्रसाद का लेख है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) केवल 2

(b) 1 एवं 2 दोनों

(c) न तो 1 न ही 2

(d) केवल 1

90. 'सरिता' शब्द रूप के संबंध में सही विकल्प है

(a) सरित् (स्त्रीलिंग) चतुर्थी, एकवचन

(b) सरित् (स्त्रीलिंग) प्रथमा, एकवचन

(c) सरित् (स्त्रीलिंग) प्रथमा, बहुवचन

(d) सरित् (स्त्रीलिंग) षष्ठी, एकवचन

91. 'मेरी कालिज डायरी' के लेखक कौन हैं ?

(a) घनश्याम दास बिड़ला

(b) धीरेन्द्र वर्मा

(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(d) श्रीराम शर्मा

92. भरतमुनि ने अपभ्रंश को किस नाम से सम्बोधित किया है ?

(a) देशभाषा

(b) जनभाषा

(c) अपभ्रष्टभाषा

(d) अवहट्ट

93. राजभाषा को किस वर्ष के अधिनियम के तहत केंद्र सरकार के कार्यालयों को तीन वर्गों में बाँटा गया ?

(a) 1976 ई.

(b) 1967 ई.

(c) 1955 ई.

(d) 1963 ई.

94. कचहरियों में नागरी के प्रयोग की घोषणा कब हुई थी ?

(a) सं. 1950

(b) सं. 1946

(c) सं. 1900

(d) सं. 1957

1726537 1726537 1726537 1726537 1726537

95. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. सोना | 1. कुंभिल |
| B. विष्णु | 2. हेम |
| C. चोर | 3. लोकेश |
| D. ब्रह्मा | 4. मुकुंद |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

96. “ ‘कविवचन सुधा’ जनता के हितों के लिए लड़ने वाले निर्भय सैनिक की तरह थी ।” यह किसका कथन है ?

(a) श्री रामरतन भटनागर

(b) डॉ. रामविलास शर्मा

(c) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(d) श्री अम्बिका प्रसाद वाजपेयी

97. विद्यापति को 'मैथिल कोकिल' की उपाधि किस रचना के कारण प्रदान की गयी ?

(a) पदावली

(b) कीर्तिलता

(c) कीर्तिपताका

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. निम्नलिखित में से किस विकल्प में भास ने महाभारत की कथा को आधार बनाया है ?

(a) कर्णभारम्, दूतवाक्यम, पञ्चरात्रम, स्वप्नवासवदत्ता

(b) कर्णभारम्, दूतवाक्यम, पञ्चरात्रम्, दरिद्रचारुदत्तम

(c) कर्णभारम्, पञ्चरात्रम, स्वप्नवासवदत्ता, दरिद्रचारुदत्तम

(d) पञ्चरात्रम, दूतवाक्यम, कर्णभारम्, दूतघटोत्कचम्

99. जिन स्वरों का उच्चारण नाक और मुँह से होता है और उच्चारण में लघुता रहती है, उसे क्या कहा जाता है ?

(a) अनुनासिक

(b) निरनुनासिक

(c) अनुस्वार

(d) नासिक

100. "ग्यानहिं भगतहिं अन्तर केता । सकल कहौ प्रभु कृपा निकेता ।।"

'रामचरित मानस' में यह चौपाई किस पात्र ने कही है ?

(a) काकभुसुंडि जी

(b) भारद्वाज जी

(c) गरुड़ जी

(d) शिव जी

101. लोकोक्ति-अर्थ के सन्दर्भ में असंगत विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) एक तन्दुरुस्ती हजार नियामत – स्वास्थ्य बहुत बड़ी चीज है ।

(b) खग जाने खग ही की भाषा – चालाक ही चालाक की भाषा समझता है ।

(c) साँच को आँच नहीं – सच्चे को डरने की आवश्यकता नहीं ।

(d) कबहुँ निरामिष होय न कागा – अधिक लालची को कुछ भी नहीं मिलता ।

102. पत्र-प्रकाशन वर्ष के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) नविन वाचक – 1881 ई.

(b) हिन्दोस्तान – 1885 ई.

(c) काशीपंच – 1876 ई.

(d) उचित वक्ता – 1888 ई.

103. बोलते समय शब्द के उच्चारण की स्पष्टता तथा उसके अर्थ की स्पष्टता हेतु प्रयुक्त बल को भाषा विज्ञान में क्या कहा जाता है ?

(a) अनुतान

(b) बलाघात

(c) ध्वनि

(d) संगम

104. दिए गए कथनों पर संस्कृत व्याकरण के सन्दर्भ में विचार करते हुए सत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए ।

I. दीर्घ संधि में जिन वर्णों के उच्चारण और आभ्यंतर प्रयत्न समान हैं वे परस्पर सवर्ण कहे जाते हैं ।

II. हितोपदेश की संधि 'यण् संधि' है ।

III. सरयूर्मिः का संधि-विच्छेद सरयू +उर्मिः होगा ।

IV. महोत्सवः गुण संधि का उदाहरण है ।

(a) केवल II, III, IV

(b) केवल I, IV

(c) केवल IV

(d) केवल I, III, IV

105. पत्रिका-प्रकाशन स्थान के संबंध में असंगत युग्म का चयन कीजिए ।

(a) विज्ञानलोक – आगरा

(b) किसान भारती – पंतनगर

(c) ऊर्जा – प्रयाग

(d) अग्रहायण – लखनऊ

106. "एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद् भिन्नः पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्तान् ।" उपर्युक्त श्लोक किस संस्कृत ग्रंथ से उद्धृत है ?

(a) मालती माधवम्

(b) उत्तररामचरितम्

(c) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(d) महावीर चरितम्

107. वियोगी हरि ने 'हिंदी का गीत गोविंद' किस ग्रंथ को कहा है ?

(a) रासपंचाध्यायी

(b) भावविभावनी

(c) जोगलीला

(d) सूरसागर

108. नीचे दो कथन हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

अभिकथन (A) : मन के विकार को भाव कहा जाता है ।

कारण (R) : रति शृंगार का स्थायी भाव है ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए ।

कूट :

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

(b) (A) सत्य है किन्तु (R) गलत है

(c) (A) गलत है किन्तु (R) सत्य है

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

109. 'शमशेर बहादुर की काव्यभाषा में संज्ञापदों से अधिक महत्व सर्वनाम और क्रियापदों का है ।' यह कथन किसका है ?

(a) बाबू गुलाब राय

(b) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी

(c) डॉ. राम विलास शर्मा

(d) डॉ. रामकुमार वर्मा

110. सात्विक अनुभाव के अंतर्गत नहीं है

(a) स्वरभंग

(b) स्वप्न

(c) वैवर्ण्य

(d) स्तंभ

111. 'पुहुप बास तें पातरा ऐसा तत्त अनूप ।' यह पंक्ति किस कवि द्वारा लिखित है ?

(a) गोरखनाथ

(b) सरहपा

(c) कबीरदास

(d) तुलसीदास

112. सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(a) 'विश्वैक्य' शब्द में वृद्धि सन्धि है ।

(b) 'वाण्यूर्मि' शब्द में गुण सन्धि है ।

(c) 'गवीश' शब्द में अयादि सन्धि नहीं है ।

(d) 'दैत्यारि' शब्द में यण् सन्धि है ।

17265537 17265537 17265537 17265537 17265537 17265537

113. निम्न प्रदत्त कथनों पर विचार करते हुए सही कथन/कथनों का चयन कीजिए ।

I. 'क ख ग' पत्रिका के संपादकों में लक्ष्मीकांत वर्मा, रामस्वरूप चतुर्वेदी, विपिन अग्रवाल और कृष्णनाथ थे ।

II. नरेश मेहता और श्रीकांत वर्मा ने 'अभिप्राय' पत्रिका का सम्पादन किया है ।

III. इला डालमिया ने 'नया प्रतीक' पत्रिका का सम्पादन किया है ।

IV. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने 'दस्तावेज' का संपादन किया है ।

V. 'पहल' पत्रिका के संपादक ज्ञानरंजन भोपाल से निकालते थे ।

कूट :

(a) केवल I, III, IV

(b) केवल III, IV, V

(c) केवल II

(d) केवल II, V, III

114. "यदि 'भारत दुर्दशा' पहला राजनीतिक नाटक है तो 'अंधेर नगरी' पहला आधुनिक नाटक ।" भारतेन्दु युगीन नाटकों के सन्दर्भ में यह कथन किस आलोचक का है ?

(a) जयदेव तनेजा

(b) बच्चन सिंह

(c) नेमिचंद जैन

(d) दशरथ ओझा

115. वैदिक शब्दों के संग्रह ग्रंथ या कोश को क्या कहते हैं ?

(a) निरुक्त

(b) आह्निक

(c) काशिका

(d) निघण्टु

116. "... तात्विक दृष्टि से न तो हम इन्हें पूरे अद्वैतवादी कह सकते हैं और न एकेश्वरवादी ।" कबीर के संबंध में यह कथन किस आलोचक का है ?

(a) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(b) डॉ. रामकुमार वर्मा

(c) आचार्य परशुराम चतुर्वेदी

(d) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

117. नीचे दिए गए काव्य हेतु से संबंधित पंक्तियों को उनके रचनाकार से मिलान करते हुए सही कूट का चयन कीजिए ।

| | |
|---|---|
| A. न विद्यते पूर्ववासना गुणानुबन्धी प्रतिभानमद्भुतम | 1. जयदेव |
| B. प्रति भैव च कवीनां काव्यकारणकारणम् | 2. मम्मट |
| C. प्रति भैव श्रुतभ्याससहिता कविता प्रति | 3. दण्डी |
| D. शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात् | 4. हेमचंद्र |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

118. 'नाक पर मक्खी न बैठने' देने का अर्थ है

(a) बोलने से रोकना

(b) विरोध में खड़ा होना

(c) निर्दोष बचे रहना

(d) तंग करना

17226537

119. मधु कांकरिया का उपन्यास 'खुले गगन के लाल सितारे' किस विषय पर केन्द्रित है ?

(a) वेश्याओं का जीवन

(b) जैन साध्वियों का जीवन

(c) भारतीय किसान जीवन

(d) नक्सलवादी आंदोलन

120. "वे (हिंदू) कला के अत्यंत उच्च सौपान पर आरोहण कर चुके हैं । हमारे लोग (मुसलमान) जब उन्हें (मंदिर आदि को) देखते हैं, तो आश्चर्य चकित रह जाते हैं । वे न तो उसका वर्णन ही कर सकते हैं न वैसा निर्माण कर सकते हैं ।" यह कथन किस विद्वान का है ?

(a) अलबरूनी

(b) इब्नबतूता

(c) अब्दुर रज्जाक

(d) अलसमुदी